सत्यमेव जयते

# पंचदश

# बिहार विधान-सभा

## षोडश सत्र

## तारांकित प्रश्न

वर्ग-5

शुक्रवार, तिथि 29 फाल्गुन, 1936 (श0) / 20 मार्च, 2015 (ई0)

प्रश्नों की कुल संख्या 61

| | |
|---|---|
| (1) ऊर्जा विभाग .. .. | 18 |
| (2) स्वास्थ्य विभाग .. .. | 36 |
| (3) पर्यटन विभाग .. .. | 02 |
| (4) आपदा प्रबंधन विभाग .. .. | 03 |
| (5) योजना एवं विकास विभाग .. .. | 02 |
| कुल योग — | 61 |

विद्युतीकरण कराना

*212. श्री राज कुमार राय--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत हसनपुर विधान-सभा क्षेत्र के विभिन्न गाँवों में प्रथम चरण का भी विद्युतीकरण कार्य पूर्ण नहीं किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि ग्राम-वेलसन्डी, नरपा, वनभीड़ा, भू-धर, तेतराही, कोराही, सलहाचन्दन, सलहाबुजुर्ग, जगमोहरा, कशिया, महुली, वसुआ, राजघाट सहित कई गाँवों में कार्य नहीं प्रारम्भ होने से ग्रामीणों में निराशा व्याप्त है ;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त गाँवों में विद्युतीकरण कार्य करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण कराना

*213. श्री रामानन्द राम--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगुसराय जिला के गढ़पुरा एवं नावकोठी प्रखंड में रेफरल अस्पताल का निर्माण नहीं होने से स्थानीय जनता को चिकित्सा कराने में कठिनाई होती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार जनहित में गढ़पुरा एवं नावकोठी प्रखंड में रेफरल अस्पताल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्य पूर्ण कराना

*214. श्रीमती मनोरमा प्रसाद--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिला के बैरिया प्रखण्ड में BHPC के द्वारा मथौली जल विद्युत् परियोजना का निर्माण कार्य पाँच वर्ष पहले शुरू हुआ है परन्तु निर्माण कार्य अभीतक पूरा नहीं हुआ है, यदि हाँ तो सरकार उक्त अधूरे कार्य को कबतक पूर्ण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

मरम्मती कराना

*215. श्री ललित कुमार यादव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत मनीगाछी प्रखण्ड में रेफरल अस्पताल का भवन जर्जर स्थिति में है तथा वहाँ स्थापित एक्स-रे व अन्य इलेक्ट्रॉनिक मशीनें ठप पड़ी हैं, यदि हाँ, तो उक्त अस्पताल की मरम्मती कराकर सुचारू रूप से संचालन हेतु सरकार की क्या कार्य योजना है ?

विद्युतीकरण करना

*216. डॉ0 कृष्णनन्दन यादव--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के खिजर सराय प्रखण्ड के ग्राम-ललियारी, बलियारी, लालगंज, नारायणपुर आदि गाँवों में आजतक विद्युतीकरण नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो इसके विद्युतीकरण हेतु सरकार की क्या योजना है ?

---

प्रतिनियुक्ति करना

*217. डॉ0 अब्दुल गफूर--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला अन्तर्गत नवहट्टा पी0 एच0 सी0 में छः चिकित्सक का पद स्वीकृत के विरुद्ध मात्र एक चिकित्सक कार्यरत है, यदि हाँ, तो क्या सरकार स्वीकृत पद के विरुद्ध चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

मुआवजा देना

*218. श्री प्रदीप कुमार--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत वारिसलीगंज प्रखंड के ग्राम-शेखपुरवा में वर्ष 2013 में बुन्दी रविदास, पिता-बासो दास के घर में आग लग जाने से घर एवं घर में रखा सामान जलकर राख हो गया था, यदि हाँ, तो क्या सरकार पीड़ित परिवारों को मुआवजा देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण कराना

*219. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के अमदाबाद प्रखण्ड अन्तर्गत अमदाबाद प्राथमिकी स्वास्थ्य केन्द्र में पदस्थापित डॉक्टरों एवं कर्मचारियों के लिये आवास नहीं रहने के कारण काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार डॉक्टरों एवं कर्मचारियों के लिये आवास निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

चालू कराना

*220. श्री राज कुमार राय--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत हसनपुर विधान-सभा क्षेत्र के विथान प्रखण्डान्तर्गत बेलसन्डी पंचायत के प्रा० स्वास्थ्य उप-केन्द्र, बनभौड़ा पूर्णत: जर्जर एवं बन्द है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त प्रा० स्वास्थ्य उप-केन्द्र के भवन निर्माण कर पुन: चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

प्रतिनियुक्ति करना

*221. श्री (मो०) आफाक आलम--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत कसबा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, कसबा में कम्पाउण्डर 5 वर्षों से नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर कम्पाउण्डर की प्रतिनियुक्ति करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

विद्युत् पोल एवं ट्राँसफॉर्मर लगाना

*222. श्री कुमार शैलेन्द्र--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत बिहपुर प्रखण्ड के बभनगामा पंचायत के बभनगामा ग्राम के नाई टोला, कुर्मी टोला, शर्मा टोला, धोबी टोला एवं गढ़वाल टोला में बिजली का खंभा नहीं रहने के कारण ग्राम के लोग बांस के खम्भे के सहारे बिजली तार लाकर उसका उपयोग कर रहे हैं तथा ट्राँसफॉर्मर दूर स्थापित रहने के कारण भोल्टेज कम रहता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त गाँव में विद्युत् पोल एवं ट्राँसफॉर्मर लगाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

ट्राँसफॉर्मर नहीं लगाने का औचित्य

*223. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुख्य मंत्री क्षेत्र विकास योजना से पूर्वी चम्पारण जिला के कल्याणपुर प्रखण्ड के खोरा एवं केसरिया प्रखण्ड के सुन्दरापुर के लिये 100 के०भी०ए० का ट्राँसफॉर्मर लगाने के लिये जिला योजना पदा०, मोतिहारी के ज्ञापांक 1259, दिनांक 17 दिसम्बर, 2014 के द्वारा राशि निर्गत कर दी गई है, यदि हाँ, तो अभीतक उक्त स्थान पर ट्राँसफॉर्मर नहीं लगाने का क्या औचित्य है ?

औचित्य बतलाना

*224. डॉ० अच्युतानन्द--दैनिक समाचार-पत्र के दिनांक 3 सितम्बर, 2014 के अंक में छपी खबर ''सूबे के सभी मेडिकल कॉलेज अब भी लाइलाज'' शीर्षक के आलोक में क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य में स्थित 7 सरकारी मेडिकल कॉलेजों में से किसी भी मेडिकल कॉलेज में शोध संस्थान की स्थापना नहीं की गयी है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

------

पदस्थापना करना

*225. श्री ललित कुमार यादव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि डी०एम०सी०एच०, दरभंगा अस्पताल में न्यूरो फिजिशियन एवं सर्जन नहीं हैं, जिससे छोटी-बड़ी दुर्घटना में सर के चोट के इलाज हेतु पी०एम०सी०एच०, पटना भेज दिया जाता है, जहाँ पर मरीज को लाने के क्रम में मौत हो जाती है, यदि हाँ, तो उक्त चिकित्सकों के अविलंब पदस्थापना हेतु सरकार की क्या योजना है ?

------

संचालित कराना

*226. श्री तारकिशोर प्रसाद--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला अन्तर्गत सदर अस्पताल, कटिहार में इन्सेन्टिव केयर यूनिट, हृदय एवं किडनी रोग विशेषज्ञों के अभाव में संचालित नहीं हो पा रहा है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक विशेषज्ञों की नियुक्ति कर आई०सी०यू० को संचालित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

विद्युतीकरण नहीं करने का औचित्य

*227. श्री महेन्द्र बैठा--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत पातेपुर के राजीव गाँधी विद्युतीकरण योजनान्तर्गत जशपराह मिल्की, सुक्की भदईडीह, तिसीयौता, चाँदपुर पतह, बराखरा आदि सैकड़ों गाँवों का विद्युतीकरण वर्ष 2012 तक में पूरा करना था लेकिन आजतक विद्युतीकरण नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त गाँवों का राजीव गाँधी योजनान्तर्गत अभीतक विद्युतीकरण नहीं कराने का क्या औचित्य है ?

कार्रवाई नहीं होने का औचित्य

*228. श्री तारकिशोर प्रसाद--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार ने कटिहार जिला अन्तर्गत सदर अस्पताल, कटिहार को वित्तीय वर्ष 2013-14 में उत्क्रमित कर 300 बेड वाला जिला अस्पताल बनाने की घोषणा की है, यदि हाँ, तो इस दिशा में अबतक कार्रवाई नहीं होने का क्या औचित्य है ?

--------

निर्माण कराना

*229. श्री विजय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिलान्तर्गत साबिकपुर पंचायत अन्तर्गत दामोदरपुर उप-स्वास्थ्य केन्द्र का अपना भवन नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि दामोदरपुर उप-स्वास्थ्य केन्द्र के निर्माण हेतु वर्ष 2011 में 11 लाख रुपये सरकार द्वारा उपलब्ध करायी गयी थी ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड (1) में वर्णित गाँव में उप-स्वास्थ्य केन्द्र के भवन निर्माण का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

शुरू कराना

*230. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, केसरिया अन्तर्गत अति० प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, कढ़ाने के लिये डॉक्टर एवं ''ए'' ग्रेड नर्स नहीं उपलब्ध होने से उक्त स्वास्थ्य केन्द्र पर मरीजों को स्वास्थ्य लाभ नहीं मिल पा रहा है ;

(2) यदि उक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त स्थान के लिये शीघ्र चिकित्सक एवं ''ए'' ग्रेड नर्स की बहाली कर स्वास्थ्य व्यवस्था शुरू कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

विद्युतीकरण नहीं करने का औचित्य

*231. श्री रामदेव महतो--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2011 में सरकार ने यह निर्णय लिया है कि राज्य के प्रत्येक गाँव का विद्युतीकरण किया जायेगा ;

(2) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के राजनगर प्रखंड अन्तर्गत परिहारपुर पंचायत के छपरारी गाँव में महादलित बस्ती का अभीतक विद्युतीकरण नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

विद्युतीकरण करना

*232. श्री रामदेव महतो--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2011 में सरकार ने यह निर्णय लिया है कि राज्य के प्रत्येक गाँव का विद्युतीकरण किया जायेगा ;

(2) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के पंडौल प्रखंड अन्तर्गत नरपतिनगर, पंडौल पूर्वी, दहीवत, माधोपुर पश्चिमी आदि पंचायतों के महादलित बस्ती में आजतक विद्युतीकरण नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पंडौल प्रखंड के पंचायतों के महादलित बस्ती में विद्युतीकरण करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

अतिरिक्त स्वा० केन्द्र खोलना

*233. श्री विनोद कुमार सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत आजमनगर प्रखंड अन्तर्गत खरसौता पंचायत की आबादी 20 हजार है, किन्तु चिकित्सा की व्यवस्था नहीं है ;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार खरसौता पंचायत में अतिरिक्त स्वास्थ्य उप-केन्द्र खोलने का विचार रखती है ?

--------

पद भरना

*234. श्री राजेश्वर राज--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला में चिकित्सकों के स्वीकृत 346 पदों के विरुद्ध 219 पद पिछले दो वर्षों से रिक्त है, जिससे जिला में स्वास्थ्य सेवा बुरी तरह प्रभावित है, यदि हाँ, तो क्या सरकार रिक्त पड़े चिकित्सकों के पद को शीघ्र भरने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन निर्माण कराना

*235. श्री नरेन्द्र कुमार पाण्डेय उर्फ ''सुनील पाण्डेय''--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत प्रखंड पीरो के ग्राम-बैसाडीह और प्रखंड सहार के ग्राम-अमरूहां में अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र स्थित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्वास्थ्य केन्द्र का अपना भवन नहीं होने के कारण डॉक्टर, नर्स को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त ग्रामों में स्थित अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्रों के भवन निर्माण कराने हेतु विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

रिक्त पदों को भरना

*236. श्री अरुण शंकर प्रसाद--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में देसी चिकित्सा पद्धति के तहत आर्युवेदिक चिकित्सा पदाधिकारी के कुल स्वीकृत 338 पदों के विरुद्ध 164 कार्यरत तथा 174 पद रिक्त है;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य में देसी चिकित्सा के ड्रग इंस्पेक्टर का पद विगत छ: माह से रिक्त है जिस कारण देसी औषधि की जाँच एलोपैथ विभाग से कराया जा रहा है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार रिक्त पदों पर नियुक्ति कराकर देसी चिकित्सा को बढ़ावा देना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

योजनाओं को पूरा कराना

*237. श्री (डॉ०) अच्युतानन्द--दैनिक समाचार-पत्र के दिनांक 11 फरवरी, 2014 के अंक में छपी खबर ''बिजली परियोजनाओं का निर्माण ठप, फंसे 400 करोड़'' शीर्षक के आलोक में क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य में पनबिजली परियोजनाओं का कार्य पिछले 6 माह से ज्यादा समय से बन्द होने के कारण 400 करोड़ रुपये की सरकारी राशि फंस गयी है, यदि हाँ, तो उक्त योजनाओं को पूरा कराने हेतु सरकार की क्या योजना है ?

---------

मशीन लगाना

*238. श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय ''पप्पू''--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत कुचायकोट प्रखंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अस्पताल, कटेयाँ में सी०टी० स्कैन, एक्स-रे तथा अल्ट्रासाउण्ड मशीन नहीं रहने के कारण मरीजों को काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त अस्पतालों में उक्त मशीन लगाने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

---------

पावर सब-स्टेशन बनाना

*239. श्रीमती सुजाता देवी--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सुपौल जिलान्तर्गत किशनपुर प्रखंड के ग्राम पंचायत बौटाहा के ग्राम-बौटाहा, गोढ़ियारी, माणिकपुर, सोनवर्षा, बेंगा, अरराहा, खानपुर का राजीव गाँधी विद्युतीकरण योजनान्तर्गत वर्ष 2015 तक विद्युतीकरण नहीं किया गया है;

(2) यदि हाँ, तो क्या सरकार इन गाँवों को विद्युतीकरण के लिये ग्राम-बौटाहा में एक पावर सब-स्टेशन बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

तार स्थानांतरित करना

*240. श्री नरेन्द्र कुमार पाण्डेय, उर्फ सुनील पाण्डेय--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत तरारी प्रखंड के ग्राम-नोनाडीह के घनी आबादी से 11,000 भोल्ट का बिजली तार गुजरता है जिससे जान-माल की बहुत क्षति हो गयी है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त ग्राम में घनी आबादी से हटाकर सड़क के किनारे से 11,000 वोल्ट बिजली का तार गुजारने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

चहारदीवारी का निर्माण

*241. श्रीमती गुड्डी देवी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत रून्नीसैदपुर प्रखंड के प्रेमनगर में अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र का चहारदीवारी का निर्माण नहीं हुआ है;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकार के संयुक्त सचिव के पत्रांक 915 (10), दिनांक 31 अगस्त, 2012 द्वारा सिविल सर्जन, सीतामढ़ी को चहारदीवारी निर्माण हेतु कार्रवाई करने के लिये पत्र लिखा गया है, फिर भी चहारदीवारी का निर्माण अभीतक नहीं किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो उक्त स्वास्थ्य केन्द्र के चहारदीवारी का निर्माण नहीं कराने का क्या औचित्य है ?

---------

छिड़काव कराना

*242. श्री विनय कुमार सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत दिघवारा एवं सोनपुर प्रखंड के सभी गाँवों में मच्छर का प्रकोप बढ़ गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त दोनों प्रखंडों के गाँवों में मच्छर मारने की दवा का छिड़काव कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

विद्युतीकरण कराना

*243. डॉ० कृष्णनन्दन यादव--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के नीमचक बथानी प्रखण्ड के ग्राम-पचाई, सिरसिया, खरजामा, गिरनीपर आदि गाँव आजतक अविद्युतीकृत है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त गाँवों का विद्युतीकरण कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*244. <u>श्री जनक सिंह</u>--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत रेफरल अस्पताल तरैया का मरम्मती कार्य स्वीकृत प्राक्कलन एवं उसमें वर्णित कंडिकावार विशिष्टियों के अनुरूप योजना कार्य सम्पादित नहीं किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त योजना के कार्य गुणवत्ता में काफी त्रुटि दिखाई दे रहा है, जिसकी सूचना कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण छपरा को 5 माह पूर्व दी गई है;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

स्वा0 उप-केन्द्र खोलना

*245. <u>श्री अमन कुमार</u>--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के पीरपैंती प्रखण्ड के बाबूपुर ग्राम में स्वास्थ्य उप-केन्द्र नहीं रहने से मरीजों को काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार बाबूपुर ग्राम में स्वास्थ्य उप-केन्द्र खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

सेवा उपलब्ध कराना

*246. <u>श्री अजीत शर्मा</u>--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के भागलपुर शहर में अवस्थित सदर अस्पताल में आपातकालीन सेवा उपलब्ध नहीं है, यदि हाँ, तो क्या सरकार अस्पताल में आपातकालीन सेवा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

उपलब्ध कराना

*247. <u>डॉ0 इजहार अहमद</u>--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के बेनीपुर अनुमंडलीय अस्पताल में 11 चिकित्सक है उनमें से 4 चिकित्सक घनश्यामपुर बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में विगत माह से कैंप कर रहे हैं तथा पैथोलॉजी जाँच, ब्लड प्रेशर जाँच इन्ट्राकैथ एवं अन्य आवश्यक दवाइयों का अभाव है, यदि हाँ, तो क्या सरकार जनहित में उक्त अस्पताल में मरीजों के हित वर्णित डॉक्टरों, दवाओं सहित अन्य सामग्रियों को उपलब्ध कबतक कराने का विचार रखती है और नहीं, तो क्यों ?

## कार्य शुरू नहीं कराने का औचित्य

*248. श्री जनक सिंह--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

((1) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत श्री शिव मंदिर, प्रखण्ड-इसुआपुर एवं श्री रामजानकी मंदिर, प्रखण्ड-तरैया तथा मधुराधाम, प्रखण्ड-पानापुर को पर्यटन स्थल एक वर्ष पूर्व घोषित किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त तीनों पर्यटन स्थलों के विकास कार्य हेतु दस माह पूर्व प्राक्कलन बनवाया जा चुका है, यदि हाँ, तो कार्य शुरू नहीं कराने का क्या औचित्य है;

------------

## कार्रवाई करना

*249. श्री कुमार शैलेन्द्र--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत बिहपुर प्रखण्ड के हरियो पंचायत के वार्ड नं0 11 एवं 12 दक्षिणवारी टोला के लगभग 250 बिजली उपभोक्ता हैं किन्तु उन्हें बिजली, पोल-तार एवं ट्रॉंसफॉर्मर उपलब्ध नहीं कराया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक इस दिशा में कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

## अति0 प्रा0 स्वास्थ्य केन्द्र खोलना

*250. श्री संजय सिंह टाइगर--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत कोईलवर प्रखण्ड के चांदी बाजार में मात्र एक स्वास्थ्य उप-केन्द्र रहने के कारण मरीजों को समुचित चिकित्सा सुविधा प्राप्त नहीं हो पाती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार चांदी बाजार में अतिरिक्त प्रा0 स्वास्थ्य केन्द्र खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

## कार्रवाई करना

*251. मो0 तौसीफ आलम--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिले के बहादुरगंज प्रखण्ड एवं मेरे विधान-सभा क्षेत्र में मुख्य मंत्री विकास योजना अन्तर्गत मेरे द्वारा अनुशंसित ट्रॉंसफॉर्मर विभागीय पदाधिकारियों के लापरवाही से अत्यधिक विलम्ब से लगाई जा रही है;

(2) यदि उपरोक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार शीघ्र कार्रवाई करते हुये इसे सुधारने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पदस्थापित कराना

*252. श्री विनोद कुमार सिंह—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत आजमनगर प्रखंड के अन्तर्गत निर्मित घोरदह हाट पर अवस्थित स्वास्थ्य उप-केन्द्र में एक भी चिकित्सक तथा नर्स पदस्थापित नहीं रहने के कारण लोगों को इलाज कराने हेतु 40 कि०मी० की दूरी तय कर कटिहार सदर अस्पताल जाना पड़ता है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त स्वास्थ्य उप-केन्द्र में चिकित्सक एवं नर्स का पदस्थापन कबतक कराने का विचार रखती है ?

---------

एजेंसी का चयन नहीं होने का औचित्य

*253. श्री दिनेश कुमार सिंह—हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 4 फरवरी, 2015 को प्रकाशित शीर्षक ''सूबे के 48 गाँवों में बिजली देने की योजना अधर में'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार के तार-पोल नहीं पहुँचने वाले 820 गाँवों में गैर-पारंपरिक ऊर्जा के माध्यम से राजीव गाँधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के तहत चिन्हित किया गया है जिसमें पहले चरण में कैमूर एवं गोपालगंज जिला के गैसीफायर या सौर ऊर्जा में बिजली पहुँचानी थी;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त जिलों के 48 गाँवों में बिजली पहुँचाने के लिये तीन साल में दो दर्जन बार टेंडर जारी हो गया है लेकिन एजेंसी का चयन नहीं हो पाया है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

---------

लाभ नहीं मिलने का औचित्य

*254. श्री विनय कुमार सिंह—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत सोनपुर एवं दिघवारा में यूनानी एवं होमियोपैथिक चिकित्सालय नहीं रहने के कारण ग्रामीणों को देशी चिकित्सा का लाभ नहीं मिल पा रहा है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

---------

भुगतान करना

*255. श्री प्रमोद कुमार सिंह—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज, गया के फिजियोलॉजी विभाग सहित सभी विभागों में 35 से अधिक सहायक प्राध्यापकों का छठे वेतन आयोग ए०सी०पी० एवं डायनेमिक ए०सी०पी० के बकाया का भुगतान नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक बकाया भुगतान करने का विचार रखती है ?

कार्रवाई करना

*256. श्री विक्रम कुँवर—दिनांक 25 जुलाई, 2014 को हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में प्रकाशित ''72 करोड़ रुपये खर्च पर भी 47 हजार नये मरीज'' शीर्षक को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पिछले वित्तीय वर्ष में 720 लाख रुपये टीबी के रोक-थाम व इलाज के नाम पर खर्च किये गये पर नतीजा यह रहा कि करीब 47 हजार नये मामले सामने आये;

(2) क्या यह बात सही है कि केन्द्रीय सरकार की टीबी इण्डिया 2014 रिपोर्ट में यह भी खुलासा किया है कि ग्रामीण इलाकों में टीबी के प्रति जागरूकता नहीं के बराबर है जिससे राज्य में बच्चों को टीबी पकड़ रहा है इसके बावजूद भी 720 लाख रुपये खर्च कर दिये गये है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जाँच किये बगैर पैसा खर्च करने वाले पदाधिकारियों के विरुद्ध कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

प्रतिनियुक्त करना

*257. डॉ० अब्दुल गफूर—क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला में स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता के सेवानिवृत हो जाने से कार्यपालक अभियंता का पद रिक्त है, यदि हाँ, तो उप पड़े कार्यों के निष्पादन हेतु सरकार कबतक कार्यपालक अभियंता की प्रतिनियुक्ति का विचार रखती है ?

---

मुआवजा नहीं देने का औचित्य

*258. श्रीमती पुनम देवी यादव—क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत अलौली प्रखण्ड के गडगरा धार कोसी नदी में दिनांक 17 सितम्बर, 2014 को दीपक कुमार एवं खुशबू कुमारी की मृत्यु डूब कर हुई है;

(2) क्या यह बात सही है कि दिनांक 18 सितम्बर, 2014 को लाश मिलने के उपरांत अलौली थाना कांड सं० यू०डी०-18/14, दिनांक 18 सितम्बर, 2014 दर्ज कर दिनांक 19 सितम्बर, 2014 को पोस्टमार्टम किया गया है, यदि हाँ, तो प्रखण्ड विकास पदाधिकारी अलौली को 19 सितम्बर, 2014 को परिजनों द्वारा मुआवजा राशि का आवेदन के बाद भी अभीतक मुआवजा नहीं देने का क्या औचित्य है ?

---

स्वा० उप-केन्द्र स्थापित करना

*259. श्रीमती सुजाता देवी—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सुपौल जिलान्तर्गत किशनपुर प्रखण्ड के पंचायत तुलापट्टी के ग्राम बहुअरवा की दूरी, प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र, किशनपुर से 13 किलो मीटर है, जिससे प्राथमिक उपचार और चिकित्सा हेतु महिला, वृद्ध एवं बच्चों को जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार बहुअरवा गाँव में स्वास्थ्य उप-केन्द्र स्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

चालू कराना

*260. श्रीमती पूनम देवी यादव—हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में 10 दिसम्बर, 2014 को छपी खबर ''बना होटल, वह भी चालू नहीं'' की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुये क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत कसरैया धार के किनारे पर्यटकों के लिये एक होटल-मोटल का निर्माण कार्य मार्च, 2014 तक पूरा हो गया है जिसे अबतक चालू नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार पर्यटन को बढ़ावा देने और पर्यटकों को सुविधा उपलब्ध कराने के लिये उक्त होटल-मोटल को चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

बिजली नहीं पहुँचाने का औचित्य

*261. श्री रमेश ऋषिदेव—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिलान्तर्गत शंकरपुर प्रखण्ड के परसा, भौरा, करियाही आदि गाँवों में आजादी के बाद आजतक बिजली नहीं पहुँची है, यदि हाँ, तो उक्त गाँवों में बिजली आजतक नहीं पहुँचाने का क्या औचित्य है ?

---

ट्राँसफॉर्मर लगाना

*262. श्री मनोहर प्रसाद सिंह—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनसाही प्रखण्ड अन्तर्गत चितोड़िया ग्राम पंचायत के कृष्णा नगर में विद्युत् आपूर्ति किये जानेवाला ट्राँसफॉर्मर दिनांक 11 दिसम्बर, 2014 की रात में चोरी हो गयी है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर ट्राँसफॉर्मर लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

मुआवजा देना

*263. श्री प्रदीप कुमार—क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत वारिसलीगंज प्रखण्ड के ग्राम-मसनखावा निवासी उपेन्द्र यादव, पिता-स्व० रामचन्दर यादव की मृत्यु दिनांक 16 जनवरी, 2015 को विद्युत् स्पर्शाघात से हो गयी है, यदि हाँ, तो क्या सरकार पीड़ित के परिवार को मुआवजा देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

ट्राँसफॉर्मर लगाना

*264. श्री दिनेश प्रसाद--क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत मीनापुर विधान-सभा क्षेत्र में मुख्य मंत्री क्षेत्र विकास योजना के अन्तर्गत वर्ष 2014 में ही प्रश्नकर्ता द्वारा 76 ट्राँसफॉर्मर लगाये जाने की अनुशंसा की गयी है, परंतु आजतक ट्राँसफॉर्मर नहीं लगाये गये हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार कबतक उक्त अनुशंसित ट्राँसफॉर्मरों को लगवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

विद्युतीकरण करना

*265. श्री महेन्द्र बैठा--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत जनदाहा प्रखण्ड के महिसौर, गोविन्दपुर, सोहरथी, थरई, विशुनपट्टी गाँवों का विद्युतीकरण नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त गाँवों को विद्युतीकरण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

संसाधन उपलब्ध कराना

*266. डॉ० इजहार अहमद--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 14 दिसम्बर, 2014 को प्रकाशित शीर्षक ''अनुमंडलीय अस्पताल में पुराने ग्लब्स को स्टरलाइज कर होता उपयोग'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बेनीपुर अनुमंडलीय अस्पताल की चिकित्सा व्यवस्था संसाधन के अभाव में चरमरा गई है, यदि हाँ, तो सुधार हेतु सरकार की क्या योजना है ?

---

वितरण करना

*267. श्री दिनेश कुमार सिंह--हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 3 फरवरी, 2015 को प्रकाशित शीर्षक ''एक करोड़ बच्चों को नहीं मिल पायेगी कीड़े की दवा'' के आलोक में क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य में एक से पाँच साल तक के एक करोड़ बच्चों को 10 फरवरी से शुरू हो रहे अभियान में पेट का कीड़ा मारने की दवा अल्बेंडाजोल नहीं मिल पायेगा जिसका कारण आँगनबाड़ी सेविकाओं और स्कूल के शिक्षकों को दवा देने की ट्रेनिंग नहीं होना बतलाया गया है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त समस्या का समाधान कर कीड़ा की दवा का वितरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

निर्माण कराना

*268. श्री (मो0) आफाक आलम--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत जलालगढ़ प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के चिकित्सक के रहने के लिये सरकारी आवास नहीं है जिस कारण चिकित्सक जिला मुख्यालय से आवागमन करते हैं ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त प्रखंड में चिकित्सक के आवासीय भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

दर्जा देना

*269. श्री विजय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिलान्तर्गत बड़हिया प्रखंड के सदाय बिघा गाँव में अतिरिक्त उप-स्वास्थ्य केन्द्र लगभग 25 वर्षों से संचालित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सदाय बिघा अतिरिक्त उप-स्वास्थ्य केन्द्र में टाल क्षेत्र के दर्जनों गाँव के महिलाएँ, बच्चे एवं वृद्ध अपना इलाज करने पहुँचते हैं ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अस्पताल को उत्क्रमित कर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का दर्जा देने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

नियुक्ति करना

*270. श्री संजय सिंह टाईगर--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा मेडिकल अस्पताल, पटना में सहायक क्लीनिक पैथोलौजिस्ट का पद वर्ष 2008 से ही रिक्त है, जिससे आम मरीजों को पैथोलौजिकल टेस्ट की सुविधा नहीं मिल पाती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार जनहित में नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सहायक क्लीनिकल पैथोलौजिस्ट की नियुक्ति कबतक करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

डॉक्टर की कमी दूर करना

*271. श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय ''पप्पू''--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के कुचायकोट प्रखंड मुख्यालय में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र (पी0एस0सी0) में डॉक्टरों एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर की कमी के कारण महिलाओं एवं अन्य मरीजों के इलाज में काफी दिक्कत होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में डॉक्टरों एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर की कमी को दूर करना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

उत्क्रमित करना

*272. श्रीमती मनोरमा प्रसाद--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प0 चम्पारण जिला के नौतन प्रखंड के अखरा पंचायत में झखरा उप-स्वास्थ्य केन्द्र चलता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्वास्थ्य केन्द्र से गहिरी, कोतराहा, तेलहुआ, पकड़िया, जगदीशपुर, बरदाहा पंचायत के लोगों का इलाज होता है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार झखरा उप-स्वास्थ्य केन्द्र को प्रा0 स्वास्थ्य केन्द्र में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पटना :
दिनांक 20 मार्च, 2015 (ई0)।

हरेराम मुखिया,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान-सभा ।

बि0स0मु0 (एल0ए0), 159-डी0टी0पी0-450